संख्या डीजीटी-ई-11015/01/2020-हिंदी
भारत सरकार
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय
प्रशिक्षण महानिदेशालय
*****

नई दिल्ली,
दिनांक 02-04-2024
02-04-2024

कार्यालय टिप्पणी

विषयः सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट (मुख्यालय)।

उपर्युक्त विषय पर प्रशिक्षण महानिदेशालय के सभी अनुभागों से अनुरोध है कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही अवधि की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में हर स्थिति में बिना किसी अनुस्मारक के दिनांक **12 अप्रैल, 2024** तक हिंदी एकक में भेज दें। अनुभागों से प्राप्त सूचना के आधार पर ही महानिदेशालय की प्रगति रिपोर्ट समेकित करके संबंधित मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग को भेजी जाती है।

2. तिमाही प्रगति रिपोर्ट के महत्व को देखते हुए सूचना भेजने से पूर्व समस्त अनुभाग एवं हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी कृपया यह सुनिश्चित करें कि सही एवं वांछित सूचना हिंदी एकक को हर स्थिति में निर्धारित समयावधि तक प्राप्त हो जाए।

3. कृपया ध्यान दें कि वर्तमान तिमाही (**जनवरी से मार्च, 2024**) की तिमाही प्रगति रिपोर्ट संलग्न प्रपत्र में ही भरकर उपलब्ध कराएं और इसके लिए किसी अन्य प्रपत्र का उपयोग न करें।

4. इसे **उप महानिदेशक महोदय** के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

गुलाब चंद्रा
(गुलाब चंद्रा)
सहा. निदेशक, राजभाषा (प्रभारी)

प्रतिलिपिः- समस्त प्रभाग/अनुभाग प्रमुख
प्रतिः- सूचनार्थ
(i) महानिदेशक/अपर सचिव के पीएसओ
(ii) उप महानिदेशक के प्रधान निजी सचिव
(iii) सहा. निदेशक, राजभाषा अनुभाग, एमएसडीई